छिलके रहित जौ की रोटी का स्वाद ले सकेंगे मधुमेह पीड़ित

पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित की उत्तराखंड की पहली छिलका रहित पंत जौ-1121

खास खबर

सुरेंद्र कुमार वर्मा

छिलका रहित जौ की पंत जौ-1121 प्रजाति। संवाद

पंतनगर। मधुमेह रोगियों के लिए जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नवाचार किया है।

यहां के वैज्ञानिकों ने उत्तराखंड की पहली छिलका रहित जौ की पंत जौ-11211 प्रजाति विकसित की है। इसे बीते अगस्त में भारत सरकार के सेंटर वैरायटी रिलीज कमेटी ने देश में उत्तर पूर्वी जोन के 12 राज्यों में उगाने के लिए जारी किया है। वैज्ञानिकों के अनुसार छिलका रहित जौ की रोटी मधुमेह रोगियों के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है।

किसान मेले में नवाचार स्टॉल पर उपलब्ध छिलका रहित जौ देखने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ रही है।

छिलका रहित जौ के प्रजनक और कृषि महाविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन के विभाग प्रमुख डॉ. जेपी जायसवाल और डॉ. स्वाति ने बताया कि सामान्य जौ में छिलका होने की वजह से उसे प्रोसेसिंग के बाद ही उपयोग किया जा सकता है। वहीं, उनकी ओर से विकसित जौ की छिलका रहित प्रजाति को सीधे उपयोग में लाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि इसकी प्रमुख विशेषता है कि इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स (20-28 जीआई), गेहूं की तुलना (60-70 जीआई) में सिर्फ एक तिहाई है। वहीं बीटा ग्लूकन अधिकतम 5-10 ग्राम प्रति सौ ग्राम में पाया जाता है। इसलिए यह मधुमेह के मरीजों के लिए रामबाण है। मेले में किसानों को इसके कुछ बीज उपलब्ध कराए गए हैं। अब किसानों में इसके बीज की भारी मांग है। इसलिए विवि में इसका वृहद स्तर पर बीजोत्पादन किया जाएगा ताकि आने वाले किसान मेलों में किसानों की मांग के अनुरूप इसका बीज उपलब्ध कराया जा सके। संवाद

पंत जौ-1121 की खासियत

डॉ. जायसवाल ने बताया कि इसकी फसल अवधि 125-135 दिन है। पौधे की प्रकृति सुदृढ़ और गिरने के प्रति काफी सहनशील है। यह पीला रतुआ और झुलसा रोग जैसी बीमारियों के प्रति रोधी है। यह विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों (एफई, सीए, जेडएन, एमएन, एमजी, सीयू, एसई व के) से भरपूर है। इसमें बीटा ग्लूकन की प्रचुरता और इससे शत-प्रतिशत पोषक तत्वों का संरक्षण होता है।

किसानों ने खरीदे एक करोड़ से अधिक के बीज

किसान मेला

पंतनगर। विवि परिसर में चल रहे किसान मेले में तीसरे दिन सोमवार को भी किसानों की ओर से विभिन्न फसलों के बीजों की खरीद जारी रही।

आज होगा मेले का समापन, सांसद अजय भट्ट होंगे मुख्य अतिथि

मेला प्रभारी और निदेशक प्रसार डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि किसानों ने मेले में विवि के फसल अनुसंधान केंद्र, प्रजनक बीज उत्पादन केंद्र, विवि फार्म व एटिक स्टॉलों से तीसरे दिन दोपहर तक करीब एक करोड़ दस हजार रुपये के विभिन्न रबी फसलों के बीजों की खरीद की। इसके अलावा औषधीय एवं सगंध पौध अनुसंधान केंद्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केंद्र, उद्यान अनुसंधान केंद्र व कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र के स्टॉलों से करीब 29 हजार रुपये के बीज व पौधों की बिक्री हुई। साथ ही एटिक व प्रकाशन निदेशालय के स्टॉलों से करीब 60 हजार रुपये के प्रकाशनों की बिक्री भी की गई। डॉ. क्वात्रा ने बताया कि मंगलवार को किसान मेले का समापन होगा जिसका समारोह गांधी हॉल में आयोजित किया जाएगा। संवाद

SRMS Goodlife
A MULTI SPECIALITY HOSPITAL
रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण
रुहेलखंड क्षेत्र का सबसे बड़ा सेंटर
6500+ सफल घुटना प्रत्यारोपण
डॉ. ध्रुव गोयल
वरिष्ठ घुटना प्रत्यारोपण एवं रोबोटिक सर्जन
तीव्र रिकवरी •
सुरक्षित एवं सटीक •
बेहतर इम्प्लांट पोजिशनिंग •
जोड़ों की बेहतर गतिशीलता •
"Life is good , live a Goodlife !"
स्टेडियम रोड, बरेली 9458702002

हाईवे पर आक्रोश बना किसानों का दर्द

धान खरीद न होने से नाराजगी, रुद्रपुर की गल्ला मंडी के बाद राजमार्ग पर ट्रैक्टर खड़े कर रास्ता रोका

संवाद न्यूज एजेंसी

हाईवे की दूसरी तरफ धरने पर बैठने जा रहे किसानों को हटाती पुलिस। संवाद

रुद्रपुर। क्रय केंद्रों पर धान की खरीद शुरू नहीं होने पर किसान भड़क गए। पुरानी गल्ला मंडी में घंटों अधिकारियों का इंतजार करने के बाद किसानों ने काशीपुर हाईवे पर डेढ़ घंटे तक जाम लगाया। किसानों के आक्रोश से वाहनों की आवाजाही रुकने पर पुलिस को वैकल्पिक तौर पर वनवे व्यवस्था करनी पड़ी।

सोमवार की सुबह 11 बजे जिलेभर के किसानों ने गल्ला मंडी पहुंचकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। अधिकारियों की ओर से सुध नहीं लेने पर किसानों का रोष बढ़ गया।

यहां से किसानों ने काशीपुर हाईवे की ओर कूच किया और दोपहर डेढ़ बजे हाईवे पर वाहनों की आवाजाही रोक दी। इससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

शाम को साढ़े तीन बजे खाद्य विभाग की आरएमओ लता मिश्रा, एसडीएम मनीष बिष्ट और सीओ विभव सैनी ने किसानों से वार्ता कर धान खरीद शुरू करने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान हाईवे से हटे। इस मौके पर जगरूप सिंह गिल, ठाकुर जगदीश सिंह, बल्ली सिंह चीमा, जगतार सिंह बाजवा, राजेंद्र सिंह, अमन सिंह ढिल्लो, इकबाल सिंह चीमा, अमन बाठला मौजूद रहे।

आपकी सरकार होती तो... भड़के ठुकराल

किसानों के धरने के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और आरएमओ लता मिश्रा के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। ठुकराल ने किसानों की समस्या को लेकर अधिकारियों से जवाब मांगा। इसी बीच आरएमओ ने कांग्रेस की सरकार की बात करने पर ठुकराल भड़क गए और कहा कि वे यहां किसानों की बात करने आए हैं। भाजपा की बात कर रहीं हैं तो उनकी प्रवक्ता बन जाएं।

आदि रंगोत्सव में दिखी भारत की समृद्ध जनजातीय संस्कृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं

संवाद न्यूज एजेंसी

जनजातीय संस्कृति के रंग
खटीमा में आयोजित उत्तराखंड आदि रंगोत्सव के दूसरे दिन हुए कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। संवाद

खटीमा। उत्तराखंड आदि रंगोत्सव में दूसरे दिन सोमवार को लोक कलाकारों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से समा बांध दिया।

देर शाम तक आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के अलावा राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिमी बंगाल, झारखंड, मिजोरम, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से पहुंचे जनजाति कलाकारों ने अपनी संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं। मुख्यमंत्री की माता बिशना देवी भी कार्यक्रम में पहुंचीं। महोत्सव में विभिन्न राज्यों से पहुंचे लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर भारत की जनजातीय संस्कृति की झलक दिखाई।

जनजाति कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम मौजूद सैकड़ों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

उत्तराखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, छतीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिमी बंगाल, झारखंड, मिजोरम उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से आए जनजाति कलाकारों ने अपनी संस्कृति की प्रस्तुतियां देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कई दर्शक लोक गीतों पर थिरकते नजर आए। वहां पर नगर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

सरकार का संकल्प, कोई बच्चा कुपोषित न रहे : सीएम धामी

मुख्यमंत्री ने गोसीकुआं में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दुलारकर उनके साथ संवाद किया

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र गोसीकुआं भुडाई में आयोजित आंगन मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दुलारकर उनके साथ संवाद किया। उन्हें अपने हाथों से भोजन परोसा। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार का विकल्परहित संकल्प है कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे।

कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्थानीय लोगों और महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास के निदेशक बंशीलाल राणा ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गोदभराई रस्म के तहत गर्भवतियों को आशीर्वाद दिया और उन्हें 10 पौष्टिक आहार सामग्री की किट वितरित की। 10 लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट प्रदान कीं। सीएम ने पांच नन्हे बच्चों का अपने हाथों से अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। उन्होंने नौ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व दो आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

सीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों की देखभाल के साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके स्वयं के बच्चे भी नगला तराई स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़े हैं। वहां जिपं अध्यक्ष अजय मौर्या, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दायित्वधारी मोहिनी पोखरिया, गंभीर धामी, किशन सिंह किन्ना, डॉ. विनीता सक्सेना, सतीश भट्ट, रंदीप पोखरिया, किशोर जोशी,जीवन धामी आदि थे। संवाद

सीएम ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में टेका मत्था

नानकमत्ता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब परिसर में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर श्रमदान किया। इससे पूर्व उन्होंने ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में मत्था टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब कमेटी ने मुख्यमंत्री को सरोपा व स्मृति चिह्न भेंट किया।

सीएम ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन से शुरू हुआ सेवा संकल्प अभियान पूरे देश में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के साथ अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखना सामूहिक दायित्व है। संवाद

बहेड़ी से पहाड़ तक पहुंच रहा था नशा, गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

अल्मोड़ा से झूलाघाट तक फैला था नेटवर्क

रुद्रपुर। बहेड़ी से सस्ते दाम पर खरीदी स्मैक और नशीले इंजेक्शन पहाड़ पहुंचाए जा रहे थे। अल्मोड़ा,हल्द्वानी और पिथौरागढ़ के झूलाघाट तक फैले इस नेटवर्क का खुलासा करते हुए पुलभट्टा पुलिस ने छह तस्करों को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि 30 सितंबर को बहेड़ी-ऊधमसिंह नगर सीमा पर चेकिंग के दौरान बरेली निवासी सद्दाम हुसैन की कार से 150 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन, दो मोबाइल फोन और 3500 रुपये बरामद हुए थे।

पूछताछ के बाद उसके संपर्क में रहने वालों की जानकारी जुटाई गई। अलग-अलग टीमों ने अल्मोड़ा, हल्द्वानी और पिथौरागढ़ में दबिश देकर पूर्वी पोखर खाली थाना अल्मोड़ा निवासी अक्षय, दमुआढूंगा हल्द्वानी निवासी सौरभ, इंदिरा कॉलोनी अल्मोड़ा निवासी पीयूष, गड़ाई गंगोली पिथौरागढ़ निवासी भूपेंद्र सिंह मेहता, टम्टा मोहल्ला अल्मोड़ा निवासी यशोदा टम्टा, झूलाघाट पिथौरागढ़ निवासी रवि थापा को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के तार बहेड़ी निवासी सद्दाम से जुड़े थे। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और बहेड़ी से पहाड़ तक नशीले पदार्थ पहुंचाने वाले स्रोतों की पड़ताल में जुटी है। संवाद

पिटकुल व यूजेवीएनएल में 78 पदों पर भर्ती का मौका

देहरादून। पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) और उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) में समूह-ग के 78 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी हो गया है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इसके लिए 12 अक्तूबर से ऑनलाइन आवेदन शुरू करेगा। आयोग के सचिव एनएस डुंगरियाल की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, पिटकुल में तकनीशियन ग्रेड-2 (विद्युत) के 37 पदों, यूजेवीएनएल में तकनीशियन ग्रेड-2 (विद्युत) के 16 और तकनीशियन ग्रेड-2 (यांत्रिक) के 25 पदों के लिए ये भर्ती शुरू की जा रही है। ब्यूरो

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स BHARAT ELECTRONICS QUALITY TECHNOLOGY INNOVATION
बेहतरीन तकनीक समाधान
राष्ट्र की रक्षा के लिए
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
(CIN: L32309KA1954GOI000787)
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, प्लॉट–405, औद्योगिक क्षेत्र, फेस–III, पंचकूला – 134113 (हरियाणा) विभिन्न श्रेणियों के कार्यों के लिए नई एजेंसियों के पंजीकरण के लिए प्रतिष्ठित और अनुभवी एजेंसियों के नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। पूर्व योग्यता और अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.eprocurebel.co.in देखें। निविदा पंचकूला यूनिट पर क्लिक करें। कोई शुद्धिकरण/संशोधन/परिवर्तन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इच्छुक एजेंसियों को वेबसाइट www.eprocurebel.co.in पर जाते रहने और निविदा–पंचकूला यूनिट पर क्लिक करने की सलाह दी जाती है।
दिनांक: 06.10.2026 वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (सेवाएं)
'हर एक काम देश के नाम'

कुमाऊँ मण्डल विकास निगम लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का प्रतिष्ठान)
ओक पार्क हाउस, नैनीताल–263001
अल्प कालीन निविदा/ई–निविदा सूचना
निविदाः- 1-पर्यटक आवास जागेश्वर में सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण कार्य, मुख्य भवन में टाईल लगाने एवं पाईप लाईन का कार्य। 2- सरस मार्केट पार्किंग हल्द्वानी में इन्टरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य। 3-पर्यटक आवास गृह, भवाली में फर्नीचर आपूर्ति का कार्य। 4-उ0प्र0अकादमी, नैनीताल में एवर्सले हाउस के पिछले भाग में टाईप-01 कर्मचारी आवासों की सीवर लाईन बदलने का कार्य एवं अकादमी दो पहियों वाहन पार्किंग में टिन की छत एवं सुरक्षा के दृष्टिगत पार्किंग प्रवेश द्वार में एम0एस0आयरन के गेट स्थापित किये जाने का कार्य। 5-13 डिस्ट्रिक्ट 13 डेस्टिनेशन योजना के अन्तर्गत ऊ0सिंह नगर में द्रोण सागर में सोलर हाई मास्ट लाईट लगाने का कार्य। 6-हाइवे कैफे खैरना गरमपानी में डायनिंग हॉल, रिसेप्शन, किचन एवं कैम्पस में विद्युतीकरण का कार्य। 7-हाइवे कैफे खैरना में डायनिंग हॉल की सीलिंग एवं पब्लिक टायलेट का रेनेवेशन कार्य। 8-प0आ0गृह, नौकुचियाताल में सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण कार्य। 9-प0आ0गृह, चौकोड़ी के टायलेटबाथ में मरम्मतीकरण का कार्य।
(उपरोक्त निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत सूचना यथा शर्तें तथा अन्य विवरण निगम बेबसाईड www.kmvn.in में दिनांक 06.10.2026 से देखी जा सकती हैं।)
ई-निविदाः-10-जनपद नैनीताल में जिला पर्यटन विकास अधिकारी का आवासीय भवन कार्यालय भवन के द्वितीय तल में निर्माण कार्य। 11- जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत वि0ख0 धारचूला के ग्राम गुंजी में पैट्रोल पम्प का निर्माण कार्य। (पुनः ई-निविदा आंमत्रित)। 12-जनपद पिथौरागढ के वि0ख0 धारचूला में आदि कैलाश यात्रा के कैम्प ज्योलिंगकॉग से गौरीकुण्ड तक सम्पर्क मार्ग एवं पुलिया का जीर्णोद्धार। 13-मा0 मु0मंत्री जी की घो0संख्या-231/2026 डांडा ककनई क्षेत्र में साहसिक पर्यटन विकास हेतु पैराग्लाइडिंग क्षेत्र को विकसित किया जायेगा व पर्यटन सुविधाओं से युक्त किये जाने का कार्य। (पुनः ई-निविदा आंमत्रित)। 14 जनपद पिथौरागढ़ में छिपलाकेदार ट्रैक मार्ग के सुधारीकरण का कार्य।.
उपरोक्त ई-निविदाओं में क्रम संख्या-13 से सम्बन्धित कार्य की विस्तृत जानकारी दिनांक 07.10.26 तथा क्रम संख्या-10,11,12 एवं 14 के कार्यों की विस्तृत जानकारी दिनांक 12.10.2026 से दिनांक 14.10.2026 से यथा निविदा दस्तावेज एवं शर्तें तथा अन्य विवरण ई-निविदा पोर्टल-http://www.uktenders.gov.in में एवं निगम वेबसाईड www.kmvn.in में सॉय 5.00 बजे के पश्चात देखी जा सकती हैं। उक्त कार्यों हेतु आंमत्रित निविदा/ई-निविदाओं/पुनः आंमत्रित निविदा में किसी भी प्रकार का संसोधन होने की दशा में संसोधन का प्रकाशन केवल ई-निविदा पोर्टल एवं निगम वेबसाईड के माध्यम से ही किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये एक अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार या निरस्त करने का अधिकार पूर्णतया सुरक्षित है।
पत्रांक-2402/10-निर्माण/25-26 दिनांक 5.10.2026 महाप्रबन्धक (नि0)

बिना बदरीनाथ के दर्शन कर नहीं लौटेंगे बुजुर्ग श्रद्धालु

बदरीनाथ। बदरीनाथ मंदिर में बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच अब बुजुर्ग श्रद्धालुओं को बिना दर्शन किए नहीं लौटना पड़ेगा। बीकेटीसी की ओर से बदरीनाथ मंदिर में तीन कर्मचारियों की तैनाती की गई है। ये कर्मचारी भीड़ के बीच बुजुर्ग श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन कराने में सहयोग करेंगे।

अमर उजाला इंपैक्ट

बदरीनाथ धाम में इन दिनों श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस वर्ष धाम में श्रद्धालुओं की संख्या ने नया रिकॉर्ड भी बनाया है। बढ़ती भीड़ के कारण मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतार लग रही है। ऐसे में बुजुर्ग श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था और कई बुजुर्ग बिना दर्शन किए ही लौट रहे थे। अमर उजाला ने बुजुर्ग श्रद्धालुओं को दर्शनों में परेशानी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

खबर का संज्ञान लेते हुए बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि अब कोई भी बुजुर्ग श्रद्धालु भगवान बदरीनाथ के दर्शन किए बिना नहीं लौटेगा। इसके लिए मंदिर में तीन कर्मचारियों की तैनाती की गई है। कर्मचारी बुजुर्ग श्रद्धालुओं को भीड़ से निकालकर सुगम तरीके से दर्शन कराने में सहयोग करेंगे। संवाद

सिमल्ट गांव में आधी रात को भूस्खलन कई मकान खतरे में, लोगों ने छोड़े घर

नंदासैंण। कर्णप्रयाग विकासखंड के सिमल्ट गांव में रविवार देर रात दो बजे भारी मात्रा में भूस्खलन हो गया। भूस्खलन से भारी मात्रा में मलबा और बड़े पत्थर नीचे गदेरे में जा गिरे। इससे गदेरे का बहाव रुक गया और पानी जमा हो गया। पानी करीब 100 मीटर तक जमा होने से वहां तालाब जैसी स्थिति बन गई है जिससे आसपास व निचले स्तर के क्षेत्र में खतरा बना हुआ है। भूस्खलन की चपेट में आने से एक गोशाला ढह गई जबकि कई घरों तक दरारें आ गई हैं। संवाद

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक की मौत

ऋषिकेश। देहरादून मार्ग पर जंगलात बैरियर से करीब एक किलोमीटर आगे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से राजकीय उपजिला चिकित्सालय लाया गया। जहां घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए इन्हें एम्स रेफर कर दिया गया। संवाद

ख़बरें पढ़िए मोबाइल पर
amarujala.com

ARMY PUBLIC SCHOOL, HEMPUR
REQUIRES TEACHING STAFF
1. Army Public School Hempur invites applications from eligible candidates for the following posts on part time basis:-

Post	Vacs
TGT Math	01

Note: 1. Please visit our school website link. https://apshempur.in/recruitment.php. for Education qualification, Age criteria & other details. OR approach school office from 0900h to 0100h at mobile Number - 9634242097.
1. Apply on a prescribed form as available on school website.
2. Last date to apply is 15 Oct 2026.
3. Only shortlisted candidates will be called for interview through e-mail / telephonically.
Principal

अटल बिहारी वाजपेयी
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबन्धन संस्थान, ग्वालियर
(राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार मुरैना लिंक रोड, ग्वालियर– 474015, मध्य प्रदेश)
वेबसाइट: www.iiitm.ac.in
विज्ञापन संख्या: 1166 दिनांक: 01/10/2026
फुल–टाइम/पार्ट–टाईम पीएचडी प्रवेश के लिए विज्ञापन: दिसम्बर 2026
अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी (CSE/EEE/IT), प्रबंधन और अभियांत्रिकी विज्ञान में पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अधिक जानकारी और आवेदन के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट https://www.iiitm.ac.in पर जाएं। प्रवेश से जुड़े प्रश्नों के लिए डायल करें– 0751–2449704 या phdadmission@iiitm.ac.in पर ईमेल करें। ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30/10/2026 शाम (5:00 बजे तक)
संयुक्त कुलसचिव (प्रशासनिक एवं अकादमिक)

पढ़ें, कहां मिल रही हैं कितनी नौकरियां amarujala.com पर

उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लि., विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय रुद्रपुर
पत्रांक-6375/वि.वि.ख.II(रु.) ई–निविदा सूचना दि. 05.10.2026
विधुत वितरण खण्ड–द्वितीय रूद्रपुर के अर्न्तगत निम्न कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

ई–निविदा संख्या	कार्यो का नाम	ई–निविदा ऑन लाईन/ऑफ लाईन आवेदन एवं जमा करने की अंतिम तिथि व समय	ई–निविदा के प्रथम भाग के ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन खुलने की अंतिम तिथि व समय
वि0वि0ख0(रू0)(उ0) 22 / 2026–27	विधुत वितरण खण्ड–द्वितीय के अर्न्तगत 33 / 11 के.वी उपकेन्द्र नवोदय हेतु उपकेन्द्र के अंतर्गत परिर्वतकों एवं लाईनों के रख–रखाव हेतु विभिन्न प्रकार की सामग्री अपूर्ति का कार्य।	21-10-2026 14:00 बजे तक	22-10-2026 15.00 बजे
वि0वि0ख0(रू0)(उ0) 23 / 2026–27	विधुत वितरण खण्ड–द्वितीय के अर्न्तगत उपखण्ड–गदरपुर के अधीन 33 / 11 के.वी विधुत उपकेन्द्र चीनीमिल में 11 के.वी एच.टी / एल.टी लाईन के रख–रखाव व मरम्मत का कार्य।	21-10-2026 14:00 बजे तक	22-10-2026 15.00 बजे

निविदा से सम्बन्धित कार्य, मदें एवं शर्ते विभागीय वैब साईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
" राष्ट्रहित में उर्जा बचाये "
विधुत बिलों के 24x7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।
Customer Toll Free no- 1800-419-0405
अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय रुद्रपुर

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
शाखा : क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रथम तल क्षेत्रीय कार्यालय, रुद्रपुर, गाबा चौक के पास, काशीपुर रोड, रुद्रपुर– 263153
ई–नीलामी सूचना
चल/अचल संपत्तियों की नीलामी सूचना "परिशिष्ट IV-A" नियम 6(2) एवं 9(1) देखें
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुन: निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सुरक्षा अधिनियम (पवर्तन) 2002 के साथ पठित नियम 6(2) एवं 9(1) के अधीन बैंक को बंधक रखी चल/अचल संपत्तियों की ई–नीलामी
सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी एवं जमानतदार को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित संपत्ति बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, खर्चे एवं कीमत इत्यादि सहित वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत ई–नीलामी द्वारा विक्रय की जा रही है। निम्न वर्णित संपत्तियां "जहां है जैसी है एवं जो है जैसी है" के आधार पर ई–नीलामी के द्वारा विक्रय की जायेंगी। बकाएदार/जमानतदार/सम्पत्ति/यों का विवरण/बकाया धनराशि/रिर्जव प्राईज/ई–नीलामी की तिथि एवं समय, आरक्षित मूल्य एवं न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :–

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राईज / ईएमडी / न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि	दिनांक एवं ई-नीलामी के प्रारम्भ का समय / कब्जे का प्रकार	मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया धनराशि
1.	1. मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज, द्वारा इसके प्रोपराइटर श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल, प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड– 244713 2. श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल (प्रोपराइटर मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज), पता– प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड– 244713 3. श्रीमती राजबाला अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल (जमानती), पता– वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड– 244713 4. श्री सौरभ अग्रवाल पुत्र श्री राकेश कुमार अग्रवाल (जमानती), पता– वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड– 244713 5. श्रीमती दिशा अग्रवाल पत्नी श्री गौरव अग्रवाल (जमानती), पता– वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड– 244713 6. श्रीमती दीप्ति अग्रवाल पत्नी श्री सौरभ अग्रवाल (जमानती), पता– वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड– 244713 7. श्री संजीव अग्रवाल पुत्र श्री शंकर लाल (जमानती), पता– हाउस नं. 24 बी/2, आदर्श कॉलोनी, सिविल लाइन्स, रामपुर, उत्तर प्रदेश–244901 8. श्री मोहम्मद अली पुत्र श्री मोहब्बे अली (जमानती), पता–मोहल्ला अल्लीखां, वार्ड नंबर 10, काशीपुर, जिला– ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड– 244713	बंधक अचल सम्पत्ति (भूमि व भवन) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 304, 305, प्लॉट सं. 8/1 महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 21520 वर्ग फुट या 2000 वर्ग मीटर। सम्पत्ति श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के नाम पर विधिवत पंजीकृत है (लीज डीड सीरियल सं. 6348, दिनांक 01.09.2017 को हिमालयन फूड पार्क द्वारा श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के पक्ष में जारी की गई है)। सीमायें (लीज डीड के अनुसार)–पूरब में दूसरों के प्लॉट, पश्चिम में दूसरों के प्लॉट, उत्तर में 15 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में चक रोड।	₹ 1,98,00,000.00 / ईएमडी ₹ 19,80,000.00 / ₹ 25,000.00	28.10.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 / भौतिक कब्जा	05.01.2024 / 20.05.2024 / ₹ 3,59,39,936.00 (रुपये तीन करोड़ उनसठ लाख उनतालीस हजार नौ सौ छत्तीस मात्र) + ₹ 14,73,943.15 (रुपये चौदह लाख तिहत्तर हजार नौ सौ तिरतालिस एवं पैसे पंद्रह मात्र) (अप्राप्त ब्याज) + अप्रयुक्त ब्याज + कानूनी शुल्क + अन्य शुल्क एवं ब्याज 26.12.2023 से प्रभावी

नियम एवं शर्तों के लिए कृपया इस क्यू आर को स्कैन करें
विक्रय के निबन्धन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाईट https://www.bankofbaroda.in/e-auction.html एवं https://baanknet.com देखें। भावी बोली दाता प्राधिकृत अधिकारी, मो0–8477000519, 8477009621 से भी सम्पर्क कर सकते हैं। नोट : किसी भी त्रुटि या विवाद की स्थिति में इस नीलामी नोटिस का अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया दिनांक 06.10.2026 को प्रकाशित नोटिस मान्य होगा।
सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय : 21.10.2026 को अपरान्ह 12 बजे से सायं 05:00 बजे तक
सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का कानूनी नोटिस
एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटरों को अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चो सहित नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज एवं लागत सहित की जाएगी।
दिनांक : 05.10.2026 स्थान : बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रूद्रपुर प्राधिकृत अधिकारी